
सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास
DAILY
NEWS
करेंट अफेयर्स
WITH
STATIC GK
NEWS
EPISODE
611
अलार्म वाली क्लास
LIVE
06-08-2026
06:00AM

# Daily Current Affairs
# +
# Important Static Facts
# 6 AUGUST 2026

## Home Work Question

**Q. 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025' में शीर्ष स्थान किसने हासिल किया है? Who has topped the 'Khelo India Para Games 2025'?**

**A.** उत्तराखंड **Uttarakhand**

**B.** उत्तर प्रदेश **Uttar Pradesh**

**C.** हरियाणा **Haryana**

**D.** पजाब **Punjab**

# 5 AUGUST 2026 Revision

Q.1: हाल ही मे संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने किस विमान के लिए संशोधित टाइप प्रमाणपत्र जारी किया है? Recently, the U.S. Federal Aviation Administration has issued an amended type certificate for which aircraft?

a) बोइंग 737 मैक्स 7 Boeing 737 MAX 7

b) बोइंग 777X Boeing 777X

c) एयरबस A320neo Airbus A320neo

d) एयरबस A321XLR Airbus A321XLR

**Q. 2: हाल ही मे टी बोर्ड इंडिया ने एनसीवीईटी से अनुमोदित चाय चखने के कौशल विकास पाठ्यक्रम कहाँ शुरू किए हैं?**

**Recently, where has Tea Board India launched NCVET-approved tea tasting skill development courses?**

a) गुवाहाटी **Guwahati**

b) सिलीगुड़ी **Siliguri**

c) दिब्रूगढ़ **Dibrugarh**

d) कुर्सियांग Kurseong

Q. 3: हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने किस प्रणाली को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव जारी किया है? Recently, the Ministry of Road Transport and Highways has proposed to make which system mandatory?

a) वाहन ट्रैकिंग प्रणाली Vehicle Tracking System

b) इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली Electronic Toll Collection System

c) वाहन-से-वाहन संचार प्रणाली Vehicle-to-Vehicle Communication System

d) स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली Smart Driving Licence System

**Q. 4:** हाल ही मे टूर डी फ्रांस फेम्म्स मे भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी हैं? **Who has recently become the first Indian woman to participate in the Tour de France Femmes?**

a) रोनाल्डो सिंह **Ronaldo Singh**
b) हर्षिता जाखड़ **Harshita Jakhar**
c) एसो अल्बेन **Aso Albane**
d) देबोरा हेरोल्ड **Deborah Herold**

**Q. 5:** हाल ही में दिवंगत न्यायमूर्ति मनमोहन सिंह लिब्रहान किस आयोग के अध्यक्ष थे? **Recently deceased Justice Manmohan Singh Liberhan was the chairman of which commission?**

**a)** लिब्रहान आयोग **Liberhan Commission**

**b)** रंगनाथ मिश्र आयोग **Ranganath Misra Commission**

**c)** सरकारिया आयोग **Sarkaria Commission**

d) नानावटी आयोग Nanavati Commission

Q. 6: हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो की हाइड्रोकार्बन इकाई को ₹15,000 करोड़ से अधिक का अल्ट्रा-मेगा अनुबंध किस कंपनी से प्राप्त हुआ है? Recently, L&T's hydrocarbon unit has received an ultra-mega contract worth over ₹15,000 crore from which company?

a) सऊदी अरामको Saudi Aramco

b) एडीएनओसी ऑफशोर ADNOC Offshore

c) अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी **Abu Dhabi National Oil Company**

d) कतर एनर्जी **QatarEnergy**

**Q. 7:** हाल ही में **16वाँ भारतीय अंगदान दिवस** कब मनाया गया? **When was the 16th Indian Organ Donation Day observed recently?**

a) 2 अगस्त **2 August**

b) 1 अगस्त 1 August

c) 30 जुलाई 30 July

d) 3 अगस्त 3 August

**Q. 8:** हाल ही में ब्रिक्स भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह की दूसरी बैठक की मेजबानी कौन-सा भारतीय शहर कर रहा है?
**Which Indian city is hosting the second meeting of the BRICS Anti-Corruption Working Group recently?**

a) मुंबई Mumbai

b) हैदराबाद Hyderabad

c) नई दिल्ली New Delhi

d) अहमदाबाद Ahmedabad

**Q. 9:** हाल ही मे जारी कैंडेरे हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची 2026 में यंगेस्ट लीडर्स श्रेणी में प्रथम स्थान किसने प्राप्त किया है? **Who has secured the first position in the Youngest Leaders category of the recently released 2026 Candere Hurun India Women Leaders List?**

a) अवनी लेखरा **Avani Lekhara**

b) पारुल गुलाटी **Parul Gulati**

c) नूरीन आयशा **Nooreen Ayesha**

d) शीतल देवी **Sheetal Devi**

Q. 10: भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने किस कंपनी के साथ GIS, Location Intelligence और GeoAI आधारित रक्षा समाधान विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं? **Bharat Electronics Limited signed an MoU with which company to develop GIS, Location Intelligence and GeoAI-based defence solutions?**

a) एसरी इंडिया **Esri India**

b) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज **Tata Consultancy Services**

c) टेक महिंद्रा Tech Mahindra

d) लार्सन एंड टुब्रो Larsen & Toubro

Q. 11: हाल ही में भारत का 101वाँ रामसर स्थल कौन-सा घोषित किया गया है? Which has recently been declared as India's 101st Ramsar Site?

a) ग्लॉ झील Glaw Lake

b) चिलिका झील Chilika Lake

c) दीपोर बील Deepor Beel

d) लोकटक झील **Loktak Lake**

**Q. 12:** हाल ही मे 'जुग जुग जियो अभियान' किस उद्देश्य से शुरू किया गया है? **Recently, the "Jug Jug Jiyo Abhiyaan" has been launched for what purpose?**

**a)** आयुष्मान भारत योजना के प्रचार के लिए **To promote the Ayushman Bharat Scheme**

**b)** राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने के लिए **To promote the national immunization campaign**

**c)** अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए **To promote awareness about organ donation**

d) मातृ एवं शिशु पोषण कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए **To strengthen the maternal and child nutrition programme**

**Q. 13:** हाल ही में भारतीय नौसेना को सौंपी गई 'निपुण' किस श्रेणी की डाइविंग सपोर्ट वेसल है? **Recently handed over to the Indian Navy, "Nipun" belongs to which class of Diving Support Vessel?**

a) शिवालिक श्रेणी **Shivalik class**

**b) कलवरी श्रेणी Kalvari class**

**c) निस्तार श्रेणी Nistar class**

**d) विशाखापत्तनम श्रेणी Visakhapatnam class**

**Q. 14:** हाल ही में मैग्मा जनरल इंश्योरेंस के अधिग्रहण के संबंध में सही कथन चुनिए। **Choose the correct statement regarding the acquisition of Magma General Insurance recently.**

**a)** पतंजलि आयुर्वेद और डीएस ग्रुप मैग्मा जनरल इंश्योरेंस का अधिग्रहण करेंगे। **Patanjali Ayurved and DS Group will acquire Magma General Insurance.**

b) भारतीय स्टेट बैंक ने **₹4,500** करोड़ में मैग्मा जनरल इश्योरेंस का अधिग्रहण किया है। **State Bank of India has acquired Magma General Insurance for ₹4,500 crore.**

c) एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने संयुक्त रूप से मैग्मा जनरल इंश्योरेंस का अधिग्रहण किया है। **HDFC Life and ICICI Lombard have jointly acquired Magma General Insurance.**

d) एलआईसी ने मैग्मा जनरल इंश्योरेंस का अधिग्रहण किया है। **LIC has acquired Magma General Insurance.**

**Q. 15:** हाल ही में अभ्यास रोटर क्लैप–**III** के संबंध में सही कथन चुनिए। **Choose the correct statement regarding Exercise ROTOR CLAP–III.**

**a)** यह अभ्यास भारतीय नौसेना द्वारा विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया। **It was conducted by the Indian Navy at Visakhapatnam.**

**b)** यह भारतीय वायु सेना द्वारा पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में "काउंटर-यूएएस" थीम पर आयोजित किया गया। **It was conducted by the Indian Air Force at Pokhran Field Firing Range on the theme of Counter-Unmanned Aerial Systems.**

**c)** यह अभ्यास साइबर सुरक्षा और अंतरिक्ष युद्ध पर आधारित था। **It was based on Cyber Security and Space Warfare.**

**d)** यह अभ्यास केवल मानव रहित लड़ाकू विमानों के परीक्षण के लिए आयोजित किया गया। **It was conducted only for testing combat drones.**

**Q. 16:** हाल ही मे ईरान मे भारत का अगला राजदूत किसे नियुक्त किया गया है? **Who has been appointed as the next Ambassador of India to Iran recently?**

a) संजय कुमार वर्मा **Sanjay Kumar Verma**

b) एन. जे. गांगटे **N. J. Gangte**

c) विक्रम मिस्री **Vikram Misri**

d) विश्वेश नेगी **Vishwesh Negi**

# 6 AUGUST

**Q.1: 5 अगस्त 2026 को भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत रेपो दर को कितने प्रतिशत रखा है? On August 5, 2026, at what percentage has the Monetary Policy Committee of the Reserve Bank of India kept the policy repo rate?**

a) 5.25%

b) 5.00%

c) 5.50%

d) 5.75%

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (MPC) का निर्णय

## नीतिगत रेपो दर 5.25% पर यथावत, तटस्थ रुख बरकरार

5 अगस्त 2026

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने 5 अगस्त 2026 को सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को 5.25% पर यथावत रखने का निर्णय लिया तथा तटस्थ रुख (Neutral Stance) बनाए रखा।



संजय मल्होत्रा
गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक

### गवर्नर का बयान

"खाद्य और ईंधन (Fuel) की कीमतों के कारण शीर्ष मुद्रास्फीति (Headline Inflation) में वृद्धि हुई है, जबकि कोर मुद्रास्फीति (Core Inflation) अभी भी नियंत्रित बनी हुई है।

### आर्थिक अनुमानों में संशोधन (वित्त वर्ष 2026–27 के लिए)

**CPI आधारित मुद्रास्फीति (प्रतिशत में)**

पहले का अनुमान 5.1% → नया अनुमान 5.0%

5.1% से घटाकर 5.0%

**सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि (प्रतिशत में)**

पहले का अनुमान 6.6% → नया अनुमान 6.7%

6.6% से बढ़ाकर 6.7%

### मुख्य निर्णय

- नीतिगत रेपो दर को 5.25% पर यथावत रखा गया।
- MPC ने तटस्थ रुख (Neutral Stance) बनाए रखा।
- वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और भूराजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए तटस्थ मौद्रिक नीति जारी रखने का निर्णय लिया गया।

### दरें यथावत

| स्थायी जमा सुविधा दर (SDF) | सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) | बैंक दर (Bank Rate) |
|---|---|---|
| 5.00% | 5.50% | 5.50% |
| यथावत | यथावत | यथावत |

### निर्णय का उद्देश्य

- महँगाई को लक्ष्य सीमा (4% ± 2%) के भीतर रखना
- आर्थिक वृद्धि को समर्थन देना
- वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना करना
- कीमत स्थिरता के साथ वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना

i नीतिगत रेपो दर वह दर है जिस पर बैंक अल्पकालिक धनराशि के लिए आरबीआई से उधार लेते हैं। इस दर में बदलाव का सीधा प्रभाव होम लोन, ऑटो लोन, पर्सनल लोन तथा अन्य ऋणों की ब्याज दरों पर पड़ता है। स्थिर रेपो दर का अर्थ है कि मौजूदा ब्याज दरों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होगा।

**Answer: a) 5.25%**

भारतीय रिज़र्व बैंक **[Reserve Bank of India (RBI)]** की मौद्रिक नीति समिति **(Monetary Policy Committee (MPC))** ने **5** अगस्त **2026** को सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर **(Policy Repo Rate)** को **5.25%** पर यथावत रखने का निर्णय लिया तथा तटस्थ रुख **(Neutral Stance)** बनाए रखा।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि खाद्य और ईंधन **(Fuel)** की कीमतों के कारण शीर्ष मुद्रास्फीति

**(Headline Inflation)** मे वृद्धि हुई है, जबकि कोर मुद्रास्फीति **(Core Inflation)** अभी भी नियंत्रित बनी हुई है।

आरबीआई ने वित्त वर्ष **2026–27** के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक **(Consumer Price Index (CPI))** आधारित मुद्रास्फीति का अनुमान **5.1%** से घटाकर **5.0%** कर दिया है। वहीं सकल घरेलू उत्पाद **(Gross Domestic Product (GDP))** वृद्धि का अनुमान **6.6%** से बढ़ाकर **6.7%** कर दिया गया है। इसके अलावा स्थायी जमा सुविधा दर **[Standing Deposit Facility (SDF) Rate]** को **5.00%**

तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर [Marginal Standing Facility (MSF)] और बैंक दर (Bank Rate) को 5.50% पर यथावत रखा गया है। आरबीआई ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और भूराजनीतिक अनिश्चितताओं (Geopolitical Uncertainties) को देखते हुए अपनी तटस्थ मौद्रिक नीति (Neutral Monetary Policy Stance) जारी रखने का निर्णय लिया|a

**Q. 2:** हाल ही में गृह मंत्रालय ने किसे अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की सूची में शामिल किया है? **Recently, the Ministry of Home Affairs has included which of**

the following in the list of notified natural calamities?

a) शीत लहर एवं सूखा Cold Wave and Drought
b) लू एवं आकाशीय बिजली Heatwave and Lightning
c) चक्रवात एवं सुनामी Cyclone and Tsunami
d) भूकंप एवं भूस्खलन Earthquake and Landslide

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

# गृह मंत्रालय ने लू और आकाशीय बिजली को आधिकारिक रूप से अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की सूची में शामिल किया

आपदा प्रबंधन
भारत सरकार

**अब 2026–31 की अवधि में इन आपदाओं के लिए SDRF और NDRF का उपयोग संभव**

- राज्य सरकारें लू और आकाशीय बिजली से संबंधित राहत, मुआवजा तथा शमन परियोजनाओं के लिए SDRF और NDRF का उपयोग कर सकेंगी।
- यह निर्णय 16वें वित्त आयोग की 2026–31 पुरस्कार अवधि की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है।
- उद्देश्य: चरम्म मौसम से होने वाली बढ़ती जनहानि से प्रभावी ढंग से निपटना।




## अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की सूची

इस संशोधन से पहले अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की सूची में 12 आपदाएँ शामिल थीं—

1. चक्रवात (Cyclone)
2. सूखा (Drought)
3. भूकंप (Earthquake)
4. आग (Fire)
5. बाढ़ (Flood)
6. सुनामी (Tsunami)
7. ओलावृष्टि (Hailstorm)
8. भूस्खलन (Landslide)
9. हिमस्खलन (Avalanche)
10. बादल फटना (Cloudburst)
11. कीट प्रकोप (Pest Attack)
12. पाला एवं शीत लहर (Frost and Cold Wave)

✔ अब लू और आकाशीय बिजली को भी इसमें शामिल किया गया है।

## SDRF और NDRF क्या हैं?

**राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF)**
- राज्य स्तर पर आपदा राहत एवं पुनर्वास के लिए प्राथमिक कोष।
- केंद्र और राज्य का साझा योगदान (आम तौर पर 75:25, विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10)।

**राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF)**
- गंभीर आपदाओं में अतिरिक्त सहायता के लिए उपलब्ध कोष।
- इसमें केंद्र सरकार का 100% योगदान होता है।

## हीट स्ट्रोक (Heat Stroke) के मामले और मौतें (1 मार्च – 26 जुलाई 2026)

| कुल मामले | कुल पुष्म मौतें |
| --- | --- |
| 4,853 | 20 |

## राज्यवार मामले (हीट स्ट्रोक के)



| तेलंगाना | पश्चिम बंगाल | छत्तीसगढ़ |
| --- | --- | --- |
| 915 | 733 | 660 |



⚠ लू और आकाशीय बिजली को अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की सूची में शामिल करने से प्रभाविव लोगों को त्वरित राहत, उचित मुआवजा और प्रभावी शमन परियोजनाओं में सहायता मिलेगी।

**Answer: b) लू एवं आकाशीय बिजली Heatwave and Lightning**

गृह मंत्रालय ने **लू (Heatwave) और आकाशीय बिजली (Lightning)** को आधिकारिक रूप से अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं **(Notified Natural Calamities)** की सूची में शामिल कर लिया है।

इसके बाद **2026–31 की अवधि** के दौरान राज्य सरकारें इन दोनों आपदाओं से संबंधित राहत **(Relief),** मुआवजा

(Compensation) तथा शमन परियोजनाओं (Mitigation Projects) के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (State Disaster Response Fund (SDRF)) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (National Disaster Response Fund (NDRF)) का उपयोग कर सकेंगी।

यह निर्णय 16वें वित्त आयोग (16th Finance Commission) की 2026–31 पुरस्कार अवधि के लिए की गई सिफारिशों के आधार पर लिया गया है, जिसका उद्देश्य चरम मौसम (Extreme Weather) से होने वाली बढ़ती जनहानि से प्रभावी ढंग से निपटना है।

इस संशोधन से पहले अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं की सूची में 12 आपदाएँ शामिल थीं— चक्रवात **(Cyclone)**, सूखा **(Drought)**, भूकंप **(Earthquake)**, आग **(Fire)**, बाढ़ **(Flood)**, सुनामी **(Tsunami)**, ओलावृष्टि **(Hailstorm)**, भूस्खलन **(Landslide)**, हिमस्खलन **(Avalanche)**, बादल फटना **(Cloudburst)**, कीट प्रकोप **(Pest Attack)** तथा पाला एवं शीत लहर **(Frost and Cold Wave)**। अब लू और आकाशीय बिजली को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, **1** मार्च से **26** जुलाई **2026** के बीच देश में हीट स्ट्रोक **(Heat**

Stroke) के 4,853 मामले तथा 20 पुष्ट मौतें दर्ज की गईं। सबसे अधिक मामले तेलंगाना में 915, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 733 और छत्तीसगढ़ में 660 दर्ज किए गए।

**Q. 3:** हाल ही में बीडब्ल्यूएफ पैरा वर्ल्ड सर्किट – ब्राज़ील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 की पदक तालिका में कौन-सा देश प्रथम स्थान पर रहा? **Recently, which country**

**topped the medal tally at the BWF Para World Circuit – Brazil Para-Badminton International 2026?**

**a) ब्राज़ील Brazil**
**b) चीन China**
**c) जापान Japan**
**d) भारत India**

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास

BADMINTON WORLD FEDERATION

# भारत का शानदार प्रदर्शन

## बीडब्ल्यूएफ पैरा वर्ल्ड सर्किट – ब्राज़ील पेरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026

BWF PARA WORLD CIRCUIT
BRAZIL PARA-BADMINTON INTERNATIONAL 2026

**27 जुलाई – 1 अगस्त 2026 | साओ पाउलो, ब्राज़ील**

भारत ने 22 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत, 7 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया।
भारत ने 9 स्वर्ण पदकों के साथ मेज़बान ब्राज़ील (8 स्वर्ण) को पीछे छोड़ा।

### पदक तालिका (Medal Tally)

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 9 | 6 | 7 | 22 |
| 2 | ब्राज़ील (मेज़बान) | 8 | 5 | 4 | 17 |
| 3 | पेरू | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 4 | फ्रांस | 1 | 2 | 1 | 4 |
| 5 | इंडोनेशिया | 1 | 1 | 2 | 4 |

**कुल पदक: 22 (9 स्वर्ण, 6 रजत, 7 कांस्य)**

### तीन–तीन स्वर्ण जीतने वाले सितारे

**प्रेम चंद पोटनुरु**



- पुरुष एकल SH6
- पुरुष युगल SH6 (कुलदीप तंवर के साथ)
- मिश्रित युगल SH6 (मनीषा पटेल के साथ)

**मनीषा पटेल**



- महिला एकल SH6
- महिला युगल (एड्रिया मोंटोया कास्टानेडा, पेरू के साथ)

### बिरी टाकर का दोहरा कमाल



- पुरुष युगल SL4 (स्वर्ण)
- पुरुष एकल SL4 (कांस्य)

अरुणाचल प्रदेश के बिरी टाकर ने दो पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

### SAI राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (NCoE) के खिलाड़ियों का प्रदर्शन – कुल 9 पदक

**यशोधन रवनकोले**



पुरुष एकल SU5 (स्वर्ण)

**यशोधन रवनकोले, धीरज सैनी**



पुरुष युगल SU5 (स्वर्ण)

**धीरज सैनी**



पुरुष एकल SU5 (रजत)

**दिनेश राज़ैया**



पुरुष युगल SL3–SU5 (कांस्य)

**नितिन के.टी.**



पुरुष युगल SH6 (कांस्य)

**उमा सरकार**



मिश्रित युगल SL3–SU5 (कांस्य)

भारतीय खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया।
**हार्दिक बधाई !**

**Answer: d) भारत India**

भारत ने **27** जुलाई से **1** अगस्त **2026** तक ब्राज़ील **(Brazil)** के साओ पाउलो **(São Paulo)** में आयोजित बीडब्ल्यूएफ पैरा वर्ल्ड सर्किट – ब्राज़ील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल **2026 (BWF Para World Circuit – Brazil Para-Badminton International 2026)** में **22** पदक **(9** स्वर्ण, **6** रजत और **7** कांस्य) जीतकर पदक तालिका **(Medal Tally)** में पहला स्थान हासिल किया।

भारत ने **9** स्वर्ण पदकों के साथ मेज़बान ब्राज़ील को पीछे छोड़ा, जिसने **8** स्वर्ण पदक जीते।

भारतीय खिलाड़ियों में प्रेम चंद पोटनुरु और मनीषा पटेल ने तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पोटनुरु ने पुरुष एकल **SH6,** पुरुष युगल **SH6** (कुलदीप तंवर के साथ) तथा मिश्रित युगल **SH6** (मनीषा पटेल के साथ) में स्वर्ण पदक जीते। वहीं मनीषा पटेल ने महिला एकल **SH6** और महिला युगल में पेरू **(Peru)** की एंड्रिया मोंटोया कास्टानेडा **(Andrea Montoya Castaneda)** के साथ भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अरुणाचल प्रदेश के बिरी टाकर ने पुरुष युगल **SL4** में स्वर्ण तथा पुरुष एकल **SL4** में कांस्य पदक जीतकर दो पदक हासिल किए।

भारतीय खेल प्राधिकरण [Sports Authority of India (SAI)] के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र [National Centre of Excellence (NCoE)] के खिलाड़ियों ने कुल 9 पदक जीते। इनमें यशोधन रवनकोले ने पुरुष एकल **SU5** में स्वर्ण, यशोधन रवनकोले और धीरज सैनी ने पुरुष युगल **SU5** में स्वर्ण, धीरज सैनी ने पुरुष एकल **SU5** में रजत, दिनेश राजैया ने पुरुष युगल **SL3–SU5** में कांस्य, नितिन के.टी. ने पुरुष युगल **SH6** में कांस्य तथा उमा सरकार ने मिश्रित युगल **SL3–SU5** में कांस्य पदक जीता।

**Q. 4:** हाल ही मे दिवगत डॉ. डी.वाई. पाटिल का संबध किस क्षेत्र से था? **Recently deceased Dr. D. Y. Patil was associated with which field?**

a) अंतरिक्ष विज्ञान **Space Science**
b) शिक्षा एवं समाज सेवा **Education and Social Service**
c) न्यायपालिका **Judiciary**
d) पत्रकारिता **Journalism**

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पद्मश्री से सम्मानित शिक्षाविद, समाजसेवी एवं डी.वाई. पाटिल समूह के संस्थापक **डॉ. ज्ञानदेव यशवंतराव पाटिल (डी.वाई. पाटिल)** का **4 अगस्त 2026** को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



## डॉ. ज्ञानदेव यशवंतराव पाटिल (डी.वाई. पाटिल)

**4 अगस्त 2026 को निधन**

पद्मश्री से सम्मानित शिक्षाविद, समाजसेवी एवं डी.वाई. पाटिल समूह के संस्थापक

आयु: 90 वर्ष
स्थान: कोल्हापुर, महाराष्ट्र

### पद्मश्री सम्मान

उन्हें 1991 में सामाजिक कार्य के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

### राज्यपाल के रूप में सेवाएं

- 27 नवंबर 2009 से 21 मार्च 2013 तक त्रिपुरा के राज्यपाल
- 22 मार्च 2013 से 26 नवंबर 2014 तक बिहार के राज्यपाल
- इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।

### डी.वाई. पाटिल समूह की स्थापना

DPU
D. Y. PATIL GROUP

डॉ. डी.वाई. पाटिल ने 1983 में डी.वाई. पाटिल समूह की स्थापना की।

### डी.वाई. पाटिल समूह की उपलब्धियाँ

- **182+** शैक्षणिक संस्थान (Educational Institutions)
- **7** विश्वविद्यालय (Universities)
- देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक नेटवर्क
- नवी मुंबई का पहला निजी इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किया।
- प्रसिद्ध डी.वाई. पाटिल स्टेडियम का निर्माण कराया।

“ शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। ”

**Answer: b)** शिक्षा एवं समाज सेवा **Education and Social Service**

पद्मश्री **(Padma Shri)** से सम्मानित शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं डी.वाई. पाटिल समूह **(D.Y. Patil Group)** के संस्थापक डॉ. ज्ञानदेव यशवंतराव पाटिल (डी.वाई. पाटिल) का **4** अगस्त **2026** को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में **90** वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उन्हे 1991 मे सामाजिक कार्य के क्षेत्र मे योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वे 27 नवंबर 2009 से 21 मार्च 2013 तक त्रिपुरा के राज्यपाल तथा 22 मार्च 2013 से 26 नवंबर 2014 तक बिहार के राज्यपाल रहे। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।

डॉ. डी.वाई. पाटिल ने 1983 में डी.वाई. पाटिल समूह (D.Y. Patil Group) की स्थापना की, जिसके अंतर्गत आज 182 से अधिक शैक्षणिक संस्थान (Educational

**Institutions)**, सात विश्वविद्यालय **(Universities)** तथा देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक नेटवर्क संचालित होता है। उन्होंने नवी मुंबई का पहला निजी इंजीनियरिंग कॉलेज **(Private Engineering College)** स्थापित किया तथा प्रसिद्ध डी.वाई. पाटिल स्टेडियम **(D.Y. Patil Stadium)** का निर्माण भी कराया।

**Q. 5:** हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने किस खाद्य उत्पाद के निर्माण और बिक्री पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया है?
**Recently, the Maharashtra Government has**

imposed a one-year ban on the manufacture and sale of which food product?

a) सोया दूध Soy Milk

b) टोफू Tofu

c) एनालॉग गैर डेयरी पनीर Analogue Non Dairy Paneer

d) फ्लेवर्ड दूध Flavoured Milk

महाराष्ट्र शासन

# महाराष्ट्र सरकार का बड़ा कदम

# एनालॉग (गैर-डेयरी) पनीर पर एक वर्ष का प्रतिबंध

FDA महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration)

**प्रभावी तिथि: 30 जुलाई 2026 से पूरे महाराष्ट्र राज्य में लागू**

महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने पूरे राज्य में एनालॉग (गैर-डेयरी) पनीर के निर्माण, प्रसंस्करण, पैकिंग, भंडारण, परिवहन तथा थोक एवं खुदरा बिक्री पर **एक वर्ष का प्रतिबंध** लगा दिया है।

## प्रतिबंध किस पर?

**एनालॉग (गैर-डेयरी) पनीर**

(सिंथेटिक या प्लांट-बेस्ड पनीर जो डेयरी पनीर जैसा दिखता या बेचा जाता है)



## यह निर्णय क्यों लिया गया?

- खाद्य सुरक्षा उल्लंघन (Food Safety Violations)
- अनुचित व्यापा:रिक प्रथाएं (Unfair Trade Practices)
- सिंथेटिक पनीर को असली दूध से बने पनीर के रूप में बेचने से उत्पन्न जनस्वास्थ्य जोखिम (Public Health Risks)




जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सख्त कदम

## कानूनी प्रावधान और दंड (खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत)

| प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर | यदि असुरक्षित खाद्य पदार्थ के सेवन से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। |
|---|---|
| अधिकतम **6 माह** का कारावास और **₹1 लाख** तक का जुर्माना | **आजीवन कारावास** और कम से कम **₹10 लाख** का जुर्माना |

## प्रतिबंध के अंतर्गत शामिल गतिबिधियों

- निर्माण (Manufacturing)
- प्रसंस्करण (Processing)
- पैकिंग (Packing)
- भंडारण (Storage)
- परिवहन (Transportation)
- थोक एवं खुदरा बिक्री (Wholesale & Retail Sale)

⚠ यह प्रतिबंध जनस्वास्थ्य की रक्षा, उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और दूध से बने असली पनीर की गुणवत्ता एवं प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

**Answer: c) एनालॉग गैर डेयरी पनीर Analogue Non Dairy Paneer**

महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन **(Food and Drug Administration (FDA))** ने **30** जुलाई **2026** से पूरे राज्य में एनालॉग (गैर-डेयरी) पनीर **(Analogue (Non-Dairy) Paneer)** के निर्माण **(Manufacturing)**, प्रसंस्करण **(Processing)**, पैकिंग, भंडारण, परिवहन तथा थोक एवं खुदरा बिक्री **(Wholesale and Retail Sale)** पर एक वर्ष का प्रतिबंध **(Ban)** लगा दिया है।

यह निर्णय खाद्य सुरक्षा उल्लंघनों **(Food Safety Violations)**, अनुचित व्यापारिक प्रथाओं **(Unfair Trade Practices)** तथा सिंथेटिक पनीर **(Synthetic Paneer)** को असली दूध से बने पनीर के रूप में बेचने से उत्पन्न जनस्वास्थ्य जोखिमों **(Public Health Risks)** को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, **2006** **(Food Safety and Standards Act, 2006)** के तहत इस प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर अधिकतम छह माह का कारावास तथा **₹1** लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

यदि असुरक्षित खाद्य पदार्थ के सेवन से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो दोषी को आजीवन कारावास तथा कम से कम **₹10** लाख के जुर्माने का प्रावधान है।

**Q. 6:** हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने किस फसल का भारत का पहला पूर्णतः एनोटेटेड टेलोमियर-टू-टेलोमियर संदर्भ जीनोम विकसित किया है?

**Recently, ICAR has developed India's first fully**

annotated Telomere-to-Telomere reference genome of which crop?

a) अरहर Pigeonpea Tur

b) चना Chickpea

c) मूंग Mung Bean

d) मसूर Lentil

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

करेंट अफेयर्स

WITH STATIC G.K

अलार्म वाली क्लास

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)

आईसीएआर–रष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIPB)

# अरहर (Tur/Pigeonpea) का भारत का पहला पूर्णतः एनोटेटेड T2T संदर्भ जीनोम विकसित

## प्रमुख उपलब्धि



टेलोमियर-टू-टेलोमियर (T2T) अनुक्रमण द्वारा तैयार 'आशा' (Asha) किस्म का पूर्ण जीनोम

विश्व का पहला दलहन फसल ड्राफ्ट जीनोम (2011/2017) पर आधारित




## T2T अनुक्रमण तकनीक

गुणसूत्र का संपूर्ण अनुक्रम (Telomere to Telomere)

गैप के साथ ड्राफ्ट जीनोम

GAPLESS

COPLESS

T2T advantage

## वैश्विक संदर्भ

अरहर की किस्म 'आशा' का जीनोम अनुक्रम वैश्विक संदर्भ के रूप में स्वीकृत

## महत्व एवं लाभ

(i) जलवायु-सहिष्णु किस्में

(ii) उच्च उपज

(iii) अधिक पोषणयुक्त

(iv) उन्नत कृषि अनुसंधान

Answer: a) अरहर Pigeonpea Tur

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद [Indian Council of Agricultural Research (ICAR)] ने अरहर (Pigeonpea/Tur) का भारत का पहला पूर्णतः एनोटेटेड टेलोमियर-टू-टेलोमियर संदर्भ जीनोम [Fully Annotated Telomere-to-Telomere (T2T) Reference Genome] विकसित किया है। यह उपलब्धि जलवायु-सहिष्णु (Climate-Resilient), उच्च उपज तथा अधिक पोषणयुक्त अरहर की नई किस्मों के विकास में तेजी

लाने मे सहायक होगी। अरहर भारत की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण दलहन फसल है।

**'आशा (Asha)'** नामक अरहर की किस्म के जीनोम अनुक्रम **(Genome Sequence)** को वैश्विक संदर्भ जीनोम **(Global Reference Genome)** के रूप में भी स्वीकृति मिली है। यह अरहर के लिए भारत का पहला पूर्णतः एनोटेटेड **T2T** संदर्भ जीनोम है।

यह उपलब्धि आईसीएआर–राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान **(ICAR–National Institute for Plant Biotechnology (NIPB))** के पूर्व कार्यों पर आधारित है। संस्थान ने **2011** में विश्व का पहला दलहन फसल का ड्राफ्ट जीनोम **(Draft Genome of a Pulse Crop)** तैयार किया था, जिसे **2017** में और बेहतर बनाया गया। नवीन **T2T** जीनोम अनुक्रम अरहर का अब तक का सबसे व्यापक आनुवंशिक खाका **(Most Comprehensive Genetic Blueprint)** प्रदान करता है। टेलोमियर-टू-टेलोमियर अनुक्रमण **[Telomere-to-Telomere (T2T)**

**Sequencing]** एक उन्नत डीएनए अनुक्रमण **(DNA Sequencing)** एवं जीनोम असेंबली **(Genome Assembly)** तकनीक है, जो किसी गुणसूत्र **(Chromosome)** के एक सिरे से दूसरे सिरे तक बिना किसी गैप के संपूर्ण जीनोम अनुक्रम तैयार करती है।

**Q. 7:** हाल ही में तमिलगा वेत्री कषगम सरकार का पहला राज्य बजट किसने प्रस्तुत किया? **Recently, who**

presented the first State Budget of the Tamilaga Vettri Kazhagam Government?

a) सी. जोसेफ विजय C. Joseph Vijay
b) एम. के. स्टालिन M. K. Stalin
c) टी. आर. बी. राजा T. R. B. Rajaa
d) एन. मैरी विल्सन N. Mary Wilson

# तमिलनाडु सरकार - राज्य बजट 2026-27: शिक्षा पर विशेष जोर

माननीय मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व में और वित्त मंत्री एन. मैरी विल्सन द्वारा प्रस्तुत (05 अगस्त, 2026)

## स्कूल शिक्षा विभाग
**₹44,527 करोड़**

## उच्च शिक्षा विभाग
**₹8,393 करोड़**

### सरकारी विद्यालयों में बुनियादी ढांचे का उन्नयन
- 10,000 विद्यालयों में पेयजल, स्वच्छता और सफाई सुविधाओं हेतु **₹129 करोड़**

### विद्यार्थी कल्याण योजनाएं
- कक्षा 11 के विद्यार्थियों को साइकिल, हेलमेट और पानी लिए **₹277 करोड़**

**पेरुंथलैवर कामराजर मॉडल (आवासीय)**
- कक्षा 9 से 12 तक नि:शुल्क भोजन, वर्दी, आवास, पुस्तकें - अवसंरचना निधि: **₹125 करोड़**

### विद्यालय आधुनिकीकरण
- 3,734 विद्यालयों के उन्नयन के लिए **₹2,132 करोड़**

### पाठ्यक्रम पुनर्गठन
- स्कूल पाठ्यक्रम में बदलाव के लिए **₹25 करोड़**

### सुरक्षित परिसर
- एंटी-ड्रग क्लब और '10581' हेल्पलाइन के लिए **₹7 करोड़**

### उच्च शिक्षा पहल
- वेट्री लैपटॉप योजना और AI कौशल विकास के लिए **₹8,393 करोड़** का हिस्सा

**Answer: d) एन. मैरी विल्सन N. Mary Wilson**

तमिलनाडु की नवगठित तमिलगा वेत्री कषगम **[Tamilaga Vettri Kazhagam (TVK)]** सरकार ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व में **5** अगस्त **2026** को अपना पहला **2026–27** राज्य बजट **(State Budget)** प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री एन. मैरी विल्सन ने बजट पेश करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के लिए **₹44,527** करोड़ तथा उच्च शिक्षा विभाग **(Higher Education)** के लिए **₹8,393** करोड़ का प्रावधान किया।

सरकार ने **10,000** सरकारी विद्यालयों में पेयजल, स्वच्छता और सफाई सुविधाओं के उन्नयन हेतु **₹129** करोड़ आवंटित किए हैं। इसके अतिरिक्त कक्षा **11** के विद्यार्थियों को हेलमेट और पानी की बोतल सहित साइकिल वितरित करने के लिए **₹277** करोड़ का प्रावधान किया गया है।

बजट में पेरुंथलैवर कामराजर मॉडल स्कूल **(Perunthalaivar Kamarajar Model Schools)** स्थापित करने की घोषणा की गई है। इन आवासीय विद्यालयों में कक्षा **9** से **12** तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क भोजन, वर्दी, आवास और पुस्तकें उपलब्ध कराई

जाएगी। इसके लिए **₹125** करोड़ की अवसरचना **(Infrastructure)** निधि निर्धारित की गई है।

बजट में **3,734** विद्यालयों के आधुनिकीकरण **(Modernization)** के लिए **₹2,132** करोड़, स्कूल पाठ्यक्रम के पुनर्गठन हेतु **₹25** करोड़, तथा विद्यालय परिसरों में एंटी-ड्रग क्लब **(Anti-Drug Clubs)** शुरू करने और **'10581'** हेल्पलाइन प्रदर्शित करने के लिए **₹7** करोड़ आवंटित किए गए हैं।

उच्च शिक्षा क्षेत्र में वेट्री लैपटॉप योजना **(Vetri Laptop Scheme)**, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कौशल विकास **(AI**

**Skilling)** तथा अन्य शैक्षणिक पहलों को बढ़ावा देने के लिए **₹8,393** करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**Q. 8:** हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अधिसूचित आर्द्रभूमि संरक्षण रिजर्व के लिए कितने किलोमीटर का खनन बफर क्षेत्र लागू करने का निर्देश दिया है? **Recently, the Supreme Court directed that what mining buffer zone should be applicable to notified wetland conservation reserves?**

a) 2 किलोमीटर 2 kilometres

b) 5 किलोमीटर 5 kilometres

c) 8 किलोमीटर 8 kilometres

d) 10 किलोमीटर 10 kilometres

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास

# सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय: आर्द्रभूमि (Wetland) संरक्षण पर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण

## 4 अगस्त 2026 को पीठ द्वारा जारी निर्देश




### 1 पीठ और पृष्ठभूमि

- पीठ ( मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यल्यमूति जॉयमल्या बागची और न्यल्यमूति वी. मोहन।
- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई।

### 2 महत्वपूर्ण बिंदु

- समान पर्यावरणीय मानक: हिमालयी क्षेत्र जैसे निरंतर भौगोलिक क्षेत्रों में सभी राज्यों के लिए समान मानक।

### 3 अनिवार्य स्वीकृति (Mandatory Approval):

- 10 किमी की परिधि के भीतर किसी भी खनन गतिविधि के लिए:
  - राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) की स्थायी समिति अथवा
  - पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पूर्व स्वीकृति अनिवार्य।

**Answer: d) 10 किलोमीटर 10 kilometres**

सर्वोच्च न्यायालय **(Supreme Court)** ने **4** अगस्त **2026** को स्पष्ट किया कि उत्तराखंड के आसन आर्द्रभूमि **(Asan Wetland)** के लिए निर्धारित **10** किलोमीटर खनन बफर क्षेत्र **(Mining Buffer Zone)** का प्रावधान अब देशभर के अधिसूचित आर्द्रभूमि संरक्षण रिजर्व **(Notified Wetland Conservation Reserves)** पर भी लागू होगा।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र **(Himalayan Region)** जैसे निरंतर भौगोलिक क्षेत्रों में सभी राज्यों को समान पर्यावरणीय मानकों **(Environmental Standards)** का पालन करना होगा।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि **10** किलोमीटर की परिधि के भीतर किसी भी खनन गतिविधि **(Mining Activity)** के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड **(National Board for Wildlife (NBWL))** की स्थायी समिति **(Standing Committee)** अथवा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन

मंत्रालय से पूर्व स्वीकृति **(Prior Approval)** अनिवार्य होगी। यह स्पष्टीकरण हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई के दौरान जारी किया गया।

**Q. 9:** हाल ही में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यापक सुशासन सुधारों की शुरुआत किस राज्य ने की है? **Recently, which state has launched an AI-led governance overhaul?**

a) तमिलनाडु Tamil Nadu

b) कर्नाटक Karnataka

c) केरल Kerala

d) तेलंगाना Telangana



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास
केरल सरकार द्वारा 4 अगस्त 2026 को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित व्यापक सुशासन सुधार
मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन
मुख्य सचिव विश्वनाथ सिन्हा
सुधार के मुख्य उद्देश्य
Digital Public Service Delivery
Streamlined Administration
Efficient Planning
समन्वय एवं कार्यक्रम प्रबंधन प्रभाग (CPMD)
समयबद्ध निगरानी
बिजनेस पॉलिसी एंड प्रोसेस री-इंजीनियरिंग सेल (BPPR) सेल
AI
AI-आधारित प्रक्रियाओं को सरल बनाना
विस्तृत प्रशासनिक सुधार
डिजीलॉकर के माध्यम से 'एक बार ही दस्तावेज़ जमा करें' सिद्धांत
VEGAM ढाँचे के माध्यम से भूमि अधिग्रहण की पूर्व-अधिसूचना प्रक्रिया महीनों में पूरी
पथानामथिट्टा (Pathanamthitta) में AI-संचालित आपदा प्रबंधन पायलट परियोजना
वर्षामापी एवं सेंसर नेटवर्क का विस्तार तथा नदियों की गाद निकासी
पारदर्शी, कुशल और नागरिक-केंद्रित प्रशासन

**Answer: c) केरल Kerala**

केरल सरकार ने **4** अगस्त **2026** को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यापक सुशासन सुधार **(AI-led Governance Overhaul)** की शुरुआत की। मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन और मुख्य सचिव बिश्वनाथ सिन्हा के नेतृत्व में शुरू किए गए इन सुधारों का उद्देश्य डिजिटल लोक सेवा वितरण **(Digital Public Service Delivery)**, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण **(Streamlined**

**Administration)** तथा कुशल योजना निर्माण **(Efficient Planning)** को बढ़ावा देना है।

